


Summative Assessment II - ( 2015 - 16 )

# HOLY MISSION HIGH SCHOOL

[Affiliated to C.B.S.E, Delhi] upto +2 Level

SAMASTIPUR - 848101

**0NYAMTH**

Set - B

Code.-

## सामाजिक विज्ञान/SOCIAL SCIENCE

## कक्षा – IX/ Class – IX

**निर्धारित समय : 3 घण्टे** — **अधिकतम अंक : 90**

**Time allowed : 3 hours** — **Maximum Marks : 90**

**सामान्य निर्देश :**

(i) इस प्रश्न पत्र में **दो खंड (खंड क तथा खंड ख)** एवं कुल **30** प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **अनिवार्य** है।

(ii) प्रत्येक प्रश्न के सामने उसके अंक लिखे हुए हैं।

(iii) प्रश्न क्रमांक **1** से **8** तक **एक-एक अंक** के हैं। इनके उत्तर **एक शब्द** अथवा **एक वाक्य** में दें।

(iv) प्रश्न क्रमांक **9** से **20** तक प्रत्येक प्रश्न **3 अंक** का है। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **80 शब्दों** से अधिक नहीं होना चाहिए।

(v) प्रश्न क्रमांक **21** से **26** तक प्रत्येक प्रश्न **5 अंक** का है। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **120 शब्दों** से अधिक नहीं होना चाहिए।

(vi) प्रश्न क्रमांक **27** और **28** मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न **3-3** अंक के क्रमशः इतिहास और भूगोल से हैं। उत्तर लिखने के बाद मानचित्र को अपनी उत्तर पुस्तिका के अन्दर रखकर बांध दीजिए।

(vii) प्रश्न क्रमांक **29** और **30** **मुक्त पाठ** पर आधारित हैं तथा प्रत्येक प्रश्न **5 अंक** का है।

**General Instructions :**

(i) The question paper has **two sections (Section A and Section B)** with **30** questions in all. All questions are **compulsory**.

(ii) Marks are indicated against each question.

(iii) Questions from serial number **1** to **8** are very short answer type questions. Each question carries **one mark**.

(iv) Questions from serial number **9** to **20** are **3 marks** questions. Answer of these questions should not exceed **80 words** each.

(v) Questions from serial number **21** to **26** are **5 marks** questions. Answer of these questions should not exceed **120 words** each.

(vi) Question number **27** and **28** are map question of **3 marks** each, from History and Geography respectively. After completion, attach the maps inside your answer book.

(vii) Question number **29** and **30** are from **Open Text themes** and each question is of **5** marks.

### खंड क / SECTION - A

1.1 उस राज्य का नाम बताइए जहाँ धंगर निवास करते हैं? 1

Name the state inhabited by the Dhanghar.



Download from: www.jsuniltutorial.weebly.com 

JSUNIL TUTORIAL

OR / अथवा

1.2 यूरोपीय उपनिवेशवाद का सब से अधिक प्रभाव किस कृषि प्रणाली पर पड़ा?
Which agricultural practice was mainly affected by European Colonialism ?

OR / अथवा

1.3 अमेरिका के संदर्भ में 'रेत के कटोरे' शब्द का अर्थ स्पष्ट कीजिए।
What is meant by Dust Bowl with reference to the USA ?

2 राजस्थान के मरुस्थल में किस प्रकार की जलवायु पायी जाती है?
Which type of climate does Rajasthan desert have?

3 किस न्यूनतम आयु से कम के बालक को काम पर नहीं रखा जा सकता है?
What is the minimum age below which no one can employ a child ?

4 राजनीतिक दलों के द्वारा नारे क्यों प्रयोग में लाये जाते हैं?
Why are slogans used by political parties ?

5 भारत के राष्ट्रपति का चुनाव कौन करता है?
Who elects the President of India ?

6 निर्धन लोग अपनी जरूरत की चीजों को खरीदने हेतु मुद्रा कैसे प्राप्त करते हैं?
How do poor people get their money to purchase the required things ?

7 किन्हीं दो सामाजिक समूहों का नाम लिखिए जो निर्धनता के प्रति असुरक्षित हैं।
Name any two social groups of people who are vulnerable to poverty.

8 सही अर्थों में स्वतंत्र भारत के प्रति गाँधीजी का दृष्टिकोण क्या था?
What was the thought of Gandhiji about a truly independent India?

9.1 वर्णन कीजिए कि राइका समुदाय के लोगों की आवाजाही किस प्रकार उनके पशुओं की जरूरतों से प्रभावित थी?
Describe how the movement of the Raikas is defined by the requirement of their cattle.

OR / अथवा

9.2 वनीय प्रदेशों में आम आदमी के लिए वनों के उपयोगों को उजागर कीजिए।
Highlight the uses of the forest for the common people in forest areas.

OR / अथवा

9.3 अमेरिका में भयंकर रेतीले तूफानों से पैदा होने वाली किन्हीं तीन समस्याओं की पहचान कीजिए।
Identify any three problems caused by the terrifying dust storms in the USA.



Download from: www.jsuniltutorial.weebly.com Page No:0

JSUNIL TUTORIAL
Chase Excellence

10.1 ऐसा क्यों कहा जाता है कि क्रिकेट का सम्बन्ध अपने ग्रामीण अतीत से है? 3
Why is cricket said to have a connection with the rural past ?

OR / अथवा

10.2 विक्टोरिया कालीन इंग्लैंड में पोशक के आधार पर किस प्रकार औरत एंव मर्दों में भेद किया जाता था ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए। 3

How were men and women differentiated on the basis of clothing in Victorian England ? Explain with examples.

11.1 क्रिकेट के ग्रामीण अतीत को साबित करने हेतु तीन उदाहरण दीजिए। 3
Give three examples to prove rural past of cricket.

OR / अथवा

11.2 1870 के दशक में अमेरिका के किन दो संगठनों ने पोशाक सुधार के लिए मुहिम चलाई और क्यों? 3
In 1870s which two association of America campaigned for dress reforms and why?

12 ''हिमालय विविध प्रकार की प्राणी प्रजातियों के वास स्थल हैं।'' इस कथन को उदाहरण देकर न्याय संगत ठहराइए। 3
"The Himalayas are abode to a variety of animal species". Justify this statement by giving examples.

13 लिंग अनुपात 'क्या' है ? भारत में लिंग अनुपात कैसे महिलाओं के पक्ष में नहीं रहा है? 3
What is 'sex ratio' ? How has sex ratio in India remained unfavourable to females ?

14 क्या भारत के सभी भागों में एक समान शीत ऋतु पायी जाती है? अपने उत्तर की पुष्टि में तीन उदाहरण प्रस्तुत कीजिए। 3
Do all parts of India experience similar winter conditions? Give any three examples in support of your answer.

15 किसी भी देश में कानून बनाने का सबसे बड़ा अधिकार संसद को होता है।'' इस कार्य को संपन्न करने के समय संसद को किन मूल्यों को ध्यान में रखना होता है? 3
"Parliament is the final authority for making laws in any country". Which values must be considered by the Parliament in discharge of this function ?

16 निम्न को परिभाषित कीजिए। 3
(a) इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन (ई. वी. एम.)
(b) मत पत्र (बैलेट पेपर)
(c) चुनाव तिथि।

Define the following :
(a) Electronic Voting Machine (EVM)
(b) Ballot Paper



Download from: www.jsuniltutorial.weebly.com Page No:0

(c) Election Day.

17 "शहरों में लोग आदिवासियों की तुलना में अधिक शिक्षित होते हैं। यदि हम उन्नति करना चाहते हैं तो हमें शहरी लोगों को अधिक रोजगार देने चाहिए।" उपरोक्त कथन का 'अवसरों की समानता' के परिप्रेक्ष्य में परीक्षण कीजिए। 3

People in the cities are more qualified than the tribals. If we need to progress, more jobs should be given to people from the cities. Examine the above statement in the light of 'equality of opportunity'.

18 स्वर्ण जयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना की संक्षेप में व्याख्या कीजिए। 3

Explain Swarnajayanthi Gram Swarojgar Yojana in brief.

19 भारत में 1973 से निर्धनता की प्रवृत्तियों का एक संक्षिप्त विवरण दीजिए। 3

Give a brief account of poverty trends in India since 1973.

20 समय एवं स्थान के अनुसार निर्धनता रेखा में अन्तर क्यों होता है? 3

Why does the poverty line vary with time and place ?

21.1 वर्णन कीजिए कि कौंकणी किसान धंगरों का स्वागत क्यों करते हैं? 5

Describe why the Konkani peasants welcome the Dhangars ?

**OR / अथवा**

21.2 'भारत में बाघों के लुप्त होने के लिए मुख्यतयाअंग्रेजजिम्मेदार हैं।'उपयुक्ततर्कदेकर इसकथनकोपुष्टि कीजिए। 5

'The British are largely responsible for the extinction of tiger population in India'. Justify the statement with suitable arguments.

**OR / अथवा**

21.3 किन्हीं पाँच परिस्थितियों की व्याख्या कीजिए जिनके कारण अमेरिका के किसानों को अधिक गेहूँ पैदा करने का प्रोत्साहन मिला ? 5

Explain any five circumstances under which the farmers of the USA got encouraged to produce more wheat.

22.1 मीडिया में किसने क्रिकेट का प्रचार किया? किस प्रकार एक-दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट को आरम्भ किया गया? 5

Who introduced cricket into the media ? How were One-day Internationals introduced ?

**OR / अथवा**

22.2 'उन्नीसवीं शताब्दी में पश्चिमी वेशभूषा के भारत आने पर अनेक प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुईं'। इस कथन की व्याख्या कीजिए। 5

"The inception of western-style clothing in India in the nineteenth century brought about varied reactions". Explain the statement.



Download from: www.jsuniltutorial.weebly.com Page No:0

23 भारत में मानसून का आगमन (वर्षा ऋतु) के किन्हीं पाँच विशिष्ट लक्षणों का वर्णन कीजिए।
Describe any five characteristic features of Advancing monsoon season in India.

24 ''वनस्पति में बदलाव के साथ-साथ वन्य जीवन भी बदल जाता है।'' उपयुक्त उदाहरणों सहित इस कथन की पुष्टि कीजिए।
"When the vegetation is altered animal life also changes". Support the statement with suitable examples.

25 भारत में चुनाव अभियान सम्बन्धी नियमों तथा कानूनों का वर्णन कीजिए।
Describe the rules and regulations regarding election campaign in India.

26 प्रधानमंत्री की नियुक्ति में भारत के राष्ट्रपति की भूमिका का वर्णन कीजिए।
Describe the role of the President of India in appointment of the Prime Minister.

**परीक्षार्थी को प्रश्न संख्या 27a, 27b एवं 27c में से किसी एक मानचित्र प्रश्न का उत्तर देना है। प्रश्न संख्या 28 अनिवार्य है। मानचित्र प्रश्नपत्र में संलग्न हैं।**
**The student has to attempt any one map question from question numbers 27a, 27b and 27c. Question no. 28 is compulsory. The maps are attached with the question paper.**

27a (a) दिए हुए भारत के राजनीतिक रेखामानचित्र में A और B पर दो लक्षण चिन्हित किये गए हैं। नीचे दी गयी जानकारी के आधार पर इन लक्षणों की पहचान कर मानचित्र में ही चिन्हित रेखाओं पर उनके सही नाम लिखिए :
(A) राज्य जहाँ ऊँटों का वार्षिक मेला लगता है।
(B) गद्दी से सम्बन्धित राज्य।
(b) उसी मानचित्र पर निम्नलिखित को उपयुक्त संकेत द्वारा दर्शाइये एवं उसका नाम लिखिए :
(C) धंगर चरवाहा समुदाय से सम्बन्धित राज्य।

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र प्रश्न के स्थान पर हैं :**
(27.1) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ कुरुबा समुदाय के लोग रहते हैं।
(27.2) हिमालय में रहने वाले चरवाहा समुदाय का नाम लिखिए जो सर्दियों तथा गर्मियों के दौरान चक्रीय आवाजाही के लिए प्रसिद्ध है।
(27.3) गुजरात में रहने वाले चरवाहा समुदाय का नाम लिखिए।

(a) Two items A and B are shown in the given political outline map of India. Identify these items with the help of following information and write their correct names on the lines marked on the map.
(A) The state where camel fair is held annually.
(B) The state related to Gaddis.
(b) On the same political outline map of India, locate and label the following item with appropriate symbol :
(C) The state related to Dhangars.

**Note : The following questions are for the visually impaired candidates only in lieu of map question.**
(27.1) Name the state to which the Kurubas belong.
(27.2) Name a pastoral community belong to Himalayas and famous for cyclic movement between summer and winter.




Download from: www.jsuniltutorial.weebly.com Page No:0

JSUNIL TUTORIAL
Chase Excellence

(27.3) Name pastoral community belong to Gujarat.

Political Map of India




**OR / अथवा**

27b दिए हुए भारत के राजनीतिक रेखामानचित्र में A और B पर दो लक्षण चिह्नित किये गए हैं। नीचे दी गयी जानकारी के आधार पर इन लक्षणों की पहचान कर मानचित्र में ही चिह्नित रेखाओं पर उनके सही नाम लिखिए : 3

(A) बैगा जनजाति से संबंधित क्षेत्र।

(B) अल्लूरी सीताराम राजू से संबंधित राज्य।

उसी मानचित्र पर निम्नलिखित को उपयुक्त संकेत द्वारा दर्शाइये एवं उसका नाम लिखिए :

(C) देहरादून, जहाँ प्रथम इम्पेरियल फॉरेस्ट इन्सटिट्यूट की स्थापना की गई।

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र प्रश्न के स्थान पर हैं :**

(27.1) मध्य भारत में रहने वाले एक आदिवासी समूह का नाम लिखिए।

(27.2) आन्ध्रप्रदेश के प्रमुख आदिवासी नेता का नाम लिखिए।

(27.3) एक राज्य का नाम लिखिए जहाँ आज भी पवित्र बगीचे के माध्यम से जंगलों की रक्षा की जा रही है।

Two items A and B are shown in the given political outline map of India. Identify these items with the help of following information and write their correct names on the lines marked on the map.

(A) Area : related to Baiga tribes.

(B) State : related to Alluri Sitaram Raju.

On the same political outline map of India, locate and label the following item with



Download from: www.jsuniltutorial.weebly.com Page No:0